# सवर्ण समाज की आवाज दिल्ली में गूंजेगी : स्वामी आनंद स्वरूप

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 फरवरी.** सवर्ण समाज के एस4 संगठन ने रविवार को सामाजिक गोष्ठी का आयोजन इंद्रप्रस्थ गार्डन में किया। इस गोष्ठी में समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह आयोजन यूजीसी कानून को लेकर चल रहे विरोध के बीच हुआ।

**संगोष्ठी में राजनीतिक दलों पर सामान्य वर्ग के हितों की अनदेखी का आरोप**




गोष्ठी में शांभवी पीठ के पीठाधीश्वर आनंद स्वरूप महाराज ने सवर्ण समाज से एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, भाजपा, सपा और बसपा जैसी प्रमुख राजनीतिक पार्टियां सामान्य वर्ग के हितों की अनदेखी कर रही हैं। आनंद स्वरूप महाराज ने कहा कि ऐसे में समाज को एक अलग राजनीतिक विकल्प तैयार करने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो जनप्रतिनिधि सामान्य वर्ग से आते हैं लेकिन समाज के मुद्दों पर आवाज नहीं उठाते, उन्हें भी जवाबदेह बनाया जाएगा।

उन्होंने यूजीसी कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह कानून वापस नहीं लिया गया तो इसके गंभीर राजनीतिक परिणाम सामने आएंगे।

आनंद स्वरूप महाराज ने उपस्थित लोगों से 8 मार्च को दिल्ली में प्रस्तावित यूजीसी विरोधी आंदोलन में बड़ी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने चंबल की धरती को आंदोलन की भूमि बताते हुए कहा कि यहां से उठी आवाज अपने मुकाम तक अवश्य पहुंचती है। कार्यक्रम में करणी सेना, क्षत्रिय महासभा, कायस्थ महासभा जैसे विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। वक्ताओं ने समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए आंदोलन को व्यापक स्वरूप देने की बात कही। गोष्ठी के दौरान शांतिपूर्ण ढंग से चर्चा हुई और आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। इसमे प्रमुख रूप से अखिलेश पाण्डे, अंबिका प्रसाद पचौरी, धर्मेन्द्र भारद्वाज, सुनील पटेरिया, एडवोकेट आशुतोष सहित बड़ी संख्या में सवर्ण समाज के लोग मौजूद थे।

# अम्मा महाराज की छत्री में बने विष्णु मंदिर में चोरी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 फरवरी.** कड़ी सुरक्षा में रहने वाली कटोराताल स्थित अम्मा महाराज के छत्री परिसर में बने विष्णु मंदिर में चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चोर अम्मा महाराज की छत्री में बाउंड्री फांदकर घुसे और मंदिर में रखी प्रतिमाओं सहित उनका सामान चोरी कर ले गए। घटना का पता सुबह उस समय चला जब पूजा करने पहुंचे पुजारी ने संदूक खोलकर सामान की गिनती की। अम्मा महाराज की छत्री में चोरी होने की बात पता चलते ही झांसी रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच-पड़ताल के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम कर लिया।

**प्रतिमाएं व सामान ले गए चोर**

अमर सिंह परिहार निवासी नाका चंद्रवदनी ओफो की बगिया अम्मा महाराज की छत्री में सिक्योरिटी गार्ड है। उसके साथ एक गार्ड और रहता है जो छत्री परिसर के अंदर रहकर निगरानी करता है। जबकि सुबह 6 बजे तीसरा गार्ड आकर सुरक्षा व्यवस्था संभालता है।



अम्मा महाराज की छत्री में बने विष्णु भगवान के मंदिर में रखी पेटी निकालकर सामान गिनना शुरु किया तो सामान कम निकला। पेटी खोलकर अज्ञात चोर उसमें रखीं भगवान की प्रतिमाएं व उनका सामान चोरी कर ले गए थे। प्रतिमाएं व सामान चांदी, पीतल व तांबे सहित अन्य धातुओं से निर्मित हैं।

चोरी गए सामान की कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई गई है। झांसी रोड थाना पुलिस ने मामला कायम कर लिया है।

# मां ने डांटा तो घर छोडक़र चला गया मासूम, 7 घंटे में पुलिस ने तलाशा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 फरवरी.** शाम को खेलकर देर से घर पहुंचे 11 वर्षीय बेटे को उसकी मां ने डांटकर घर से भगा दिया। मां की डांट से डरा-सहमा मासूम बालक घर से दूर निकल गया और एक रिसॉर्ट के पास जाकर छिप गया। जब काफी देर तक बच्चा घर नहीं पहुंचा तो उसकी मां सिरोल पुलिस थाने पहुंची और पूरी बात बताई। मामला चूंकि एक बच्चे के गायब होने का था, इसलिए पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और उसकी तलाश में जुट गई।

मेहरा गांव में रहने वाली सविता जाटव का 11 वर्ष का बच्चा वंश गत शाम को खेलकर देर से घर पहुंचा था। देर से घर पहुंचा तो उसकी मां ने डांटा और घर से बाहर निकाल दिया। काफी देर तक वंश वापस नहीं आया तो सविता ने उसकी आस-पास तलाश की, लेकिन कहीं नहीं मिला। तो वह पुलिस के पास गई और पूरी बात बताई तो तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम सहित आस-पास के थानों को सूचना दी। मामला चूंकि बच्चे के लापता होने का था इसलिए कोई रिस्क नहीं ले सकते थे। पुलिस टीमें लगातार बच्चे को तलाश कर रही थीं। एक पुलिस टीम रात 2:20 बजे ग्लोबल लोट्स रिसॉर्ट डीबी सिटी के पास पहुंची तो वहां वंश बैठा हुआ मिला जो कि बहुत डरा-सहमा था।

# पुलिस की तत्परता से फंदे पर लटकी महिला की बची जान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 फरवरी.** पुलिस ने फांसी पर लटकी एक महिला की जान बचा ली। बहोड़ापुर इलाके के सदाशिवनगर में सुबह एक युवती ने पारिवारिक झगड़े के बाद स्वयं को कमरे में बन्द कर लिया और फांसी पर लटकने की तैयारी करने लगी। परिजनों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी।

इस घटना की खतर मिलते ही महज 2 मिनट के अंदर फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल और बहोड़ापुर टीआई आलोक परिहार अपनी टीम के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। जब पुलिस ने दरवाजा खोला। तब युवती गले में फंदा डाल चुकी थी। पुलिस ने तुरंत दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा और अस्पताल भिजवाया। पुलिस की तत्परता से युवती की जान तो बच गयी। लेकिन उसकी हालत गंभीर और बेहोश है।



युवती को फांसी का फंदा बनाते देख थाना प्रभारी आलोक परिहार ने परिजनों और पुलिस जवानों की मदद से तुरंत दरवाजा तोड़ा। पुलिस ने युवती के पैर पकड़कर उसे संभाला, वहीं अन्य जवानों ने फंदा काटकर उसे नीचे उतारा। हालांकि तब तक युवती बेहोश हो चुकी थी। उसे तत्काल इलाज के लिए जयारोग्य अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे आगे उपचार के लिए 1000 बिस्तर अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल युवती की स्थिति गंभीर बनी हुई है।युवती फिलहाल बेहोश है और बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस का कहना है कि उसके होश में आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि उसने किन कारणों से आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया था।

डॉक्टरों के अनुसार समय रहते युवती को फंदे से उतार लिया गया, इसी वजह से उसकी जान बच सकी। डॉक्टरों का कहना है कि यदि उसे झटका लग जाता तो गर्दन की हड्डी टूट सकती थी और उसे बचाना मुश्किल हो जाता। फिलहाल युवती बेहोश है, लेकिन अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। बहोड़ापुर थाना प्रभारी आलोक परिहार ने बताया कि युवती ने फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया था। समय रहते पुलिस और परिजनों की मदद से उसे बचा लिया गया।

# नशे में धुत महिलाओं का हंगामा, बच्चा चोरी के आरोप में लोगों ने पीटा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 फरवरी.** नशे में धुत दो महिलाओं ने सड़क पर जमकर हंगामा किया। बच्चा चोरी के आरोप में स्थानीय लोगों ने इन महिलाओं की पिटाई भी कर दी। यह घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र के नाका चंद्रवानी इलाके में हुई।

जानकारी के अनुसार दोनों महिलाएं शराब के नशे में सड़क पर बैठकर उपद्रव कर रही थीं। इसी दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने उन पर बच्चा चोरी का आरोप लगाया, जिसके बाद भीड़ ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। यह हंगामा करीब एक घंटे तक चलता रहा। घटनास्थल पर मौजूद एक अन्य युवक ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल से बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जो अब वायरल हो रहा है।

सूचना मिलने पर झांसी रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा शांत कराया। इसके बाद दोनों महिलाओं को पुलिस हिरासत में लेकर थाने ले आई। इस मामले में झांसी रोड पुलिस का कहना है कि दो महिलाओं के नशे में हंगामा करने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा दी गई थी, सूचना मिलने पर थाने का बल मौके पर पहुंचा था जहां हंगामा कर रही महिलाओं को पकड़कर थाने लाया गया था, महिलाओं के साथ बच्चा चोरी के आरोप में स्थानीय लोगों द्वारा मारपीट भी की गई थी।




# मेगा रिटेल क्रेडिट आउटरीच कैंप का आयोजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 फरवरी.** सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर द्वारा जीवाजी विवि परिसर में मेगा रिटेल क्रेडिट आउटरीच कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रमुख धर्मेंद्र कुमार ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीवाजी विवि के कुलपति राजकुमार आचार्य, कुलसचिव राजीव कुमार मिश्रा तथा वित्त नियंत्रक आशुतोष खरे की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया सदैव ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप सरल, सुलभ एवं पारदर्शी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि बैंक की विभिन्न रिटेल योजनाएं—जैसे होम लोन, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण एवं पर्सनल लोन—ग्राहकों के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में बैंक के सम्माननीय ग्राहकों एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों द्वारा विभिन्न रिटेल ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। यह आयोजन क्षेत्र में बैंक की सक्रिय भागीदारी एवं ग्राहक सेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# नवआरक्षक पीपीटी परीक्षा कल से, एसएएफ मैदान पर तैयारी पूरी

नवभारत न्यूज


**ग्वालियर 22 फरवरी.** नवआरक्षकों की शारीरिक प्रवीणता परीक्षा (पीपीटी) कल सोमवार से शुरू होगी। यह परीक्षा 14वीं बटालियन एसएएफ मैदान पर आयोजित की गई है। इसमें करीब 5500 उम्मीदवार शामिल होंगे। परीक्षा प्रक्रिया 14 मार्च तक चलेगी और प्रतिदिन लगभग 400 उम्मीदवारों की परीक्षा ली जाएगी। यह भर्ती प्रक्रिया प्रदेश में नवआरक्षकों के करीब 7500 पदों के लिए आयोजित की जा रही है। लिखित परीक्षा के बाद अब शारीरिक प्रवीणता परीक्षा कराई जा रही है।

**14वीं बटालियन मैदान पर 5500 उम्मीदवार होंगे शामिल**

परीक्षा के लिए एसएएफ के करीब 300 पुलिस जवान और अधिकारियों को तैनात किया गया है। ये जवान उम्मीदवारों की दौड़, गोला फेंक और लंबी कूद की प्रक्रिया कराएंगे। परीक्षा की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। परीक्षा के संचालन के लिए एक कमेटी बनाई गई है, जिसके अध्यक्ष डीआईजी अमित सांघी हैं। उनकी निगरानी में पूरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार परीक्षा को पारदर्शी तरीके से कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। 14वीं बटालियन एसएएफ मैदान पर टेंट, लाइट, सीसीटीवी कैमरे और अन्य व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। कमांडेंट संजीव सिन्हा ने मौके का निरीक्षण कर तैनात अधिकारियों और जवानों को आवश्यक निर्देश दिए।




परीक्षा शुरू होने से पहले रविवार को एसएएफ मैदान पर रिहर्सल कराई गई। इसमें एसएएफ जवानों को उम्मीदवार बनाकर पूरी प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। इस दौरान डीआईजी अमित सांघी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पीपीटी परीक्षा में उम्मीदवारों को 800 मीटर दौड़ पूरी करनी होगी। इसके अलावा गोला फेंक और लंबी कूद भी कराई जाएगी। गोला फेंक और लंबी कूद में प्रत्येक उम्मीदवार को तीन मौके दिए जाएंगे।




# फूलबाग-किला रोपवे प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में, शहरवासी नाराज

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 22 फरवरी.** मध्य प्रदेश सरकार के हालिया बजट में प्रदेश के विभिन्न शहरों के लिए नए रोपवे प्रोजेक्ट्स का ऐलान तो कर दिया गया, लेकिन इस घोषणा ने ग्वालियर के लोगों के पुराने जख्मों को फिर से हरा कर दिया है। ग्वालियर की जनता का कहना है कि नए वादों से पहले उन पुरानी परियोजनाओं की सुध लेनी चाहिए जो सालों से कागजों और 'सर्वे' के जाल में फंसी हुई हैं। यह आवाज आज ग्वालियर के हर चौक-चौराहे पर गूँज रही है कि सरकार नए रोपवे का वादा कर रही है, पर पुराने का क्या?'



### ऐतिहासिक किले की राह अब भी मुश्किल

ग्वालियर एक विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक पर्यटन स्थल है। यहाँ फूलबाग से ग्वालियर किले तक पहुँचने के लिए एक महत्वाकांक्षी रोपवे प्रोजेक्ट प्रस्तावित किया गया था। इसका उद्देश्य न केवल पर्यटकों को सुगमता प्रदान करना था, बल्कि शहर के ट्रैफिक दबाव को कम करना और पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाना था।

### क्यों जरूरी है यह प्रोजेक्ट ?

पर्यटन को बढ़ावा: किले पर पहुँचने का रास्ता संकरा और थका देने वाला है। रोपवे से बुजुर्ग और दिव्यांग पर्यटक भी आसानी से किले का दीदार कर सकेंगे। समय की बचत: फिलहाल किले तक पहुँचने में काफी समय लगता है, रोपवे इसे चंद मिनटों का सफर बना देगा। रोजगार के अवसर: फूलबाग और किले के आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन आधारित व्यापार में भारी बढ़ोतरी होगी।

### जनता की मांग, घोषणा नहीं, काम चाहिए

शहर के लोगों का स्पष्ट कहना है कि सरकार नए रोपवे के ऐलान जरूर करे, लेकिन ग्वालियर जैसे महानगर के साथ सौतेला व्यवहार बंद होना चाहिए। सालों से लंबित इस प्रोजेक्ट को 'ठंडे बस्ते' से निकालकर युद्ध स्तर पर पूरा करने की जरूरत है। ग्वालियर का किला हमारी पहचान है। अगर सरकार इसे आधुनिक सुविधाओं से नहीं जोड़ सकती, तो केवल बजट में आंकड़े पेश करने का क्या फायदा?

### स्थानीय निवासियों का कहना है...



हम सालों से सुन रहे हैं कि रोपवे बनेगा। बजट आते हैं और चले जाते हैं, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं बदलता। फूलबाग से किले तक का सफर अगर रोपवे से शुरू हो, तो ग्वालियर का पर्यटन पूरी तरह बदल जाएगा।

**जे.पी.शर्मा रिटायर्ड पुलिस अधीक्षक**

हैरानी होती है कि इतना समय बीत जाने के बाद भी यह ठंडे बस्ते में क्यों है। अगर रोपवे वन जाए तो शहर के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि होगा और पर्यटको, बच्चों,महिलाओ, बुजुर्गो को इसका लाभ मिलेगा।



**अशोक शर्मा,समाज सेवी**

### कस्तूरबा को किया नमन

ग्वालियर। आज स्व. कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कंपू स्थित कस्तूरबा गांधी की प्रतिमा पर नगरवासियों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कस्तूरबा न्यास के अध्यक्ष एड. जगदीश प्रसाद शर्मा, भाजपा की सह मीडिया प्रभारी श्रीमती वंदना भूपेन्द्र प्रेमी उपस्थित रहे।

# ग्वालियर की बिटिया ने किया अपने क्षेत्र व समाज को गौरवान्वित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 फरवरी.** बीते दिनों देश की राजधानी दिल्ली में चल रही ग्लोबल समिट सुर्खियों में व चर्चित रही है जिसमें करीबन 119 देशों से बड़े-बड़े दिग्गज शामिल रहे हैं, लोगों के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा है आधुनिक व विकसित दुनिया की पहचान। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने लोगों की जीवन को हर मायने में धीरे-धीरे सुलभ बनाने का निरंतर कार्य किया है। भारत मंडपम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राजनाथ, स्मृति ईरानी, यूनियन मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव, देश व विदेश से आए बड़े दिग्गज उद्योगपति



बिलगेट्स, मुकेश भाई अंबानी, नटराज चन्द्र शेखरन, सुंदर पिचाई (सीईओ गूगल), शांतनु नारायण व विदेशी डेलिगेट्स ने इसी बीच ग्वालियर की बेटी आस्था जैन ने भी देश में चल रहे ग्लोबल एआई समिट में हिस्सा लिया, आस्था भारत मंडपम के मंच से बताती है आने वाले युग में एआई कितना प्रबल होगा, लोगों की जिंदगी में कितना बदलाव लाएगा व कितना महत्वपूर्ण साबित होगा, ढ्व के साथ भारत आने वाले समय में कितना विकसित हो चुका होगा। आस्था ढ्व को अवसर के रूप में देखती है, जहां लोगों में भ्रम है. एआई लोगों से लोगों का काम छीन लेगा वही आस्था बताती है लोगों ने ही एआई का निर्माण किया है और यह आने वाले समय में लोगों का काम केवल आसान करेगा जिससे लोगों की प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी, बताते चलें इस जांबाज बिटिया ने अपनी इंजीनियरिंग की विशेषज्ञता भी आने वाले दौर को देखते हुए ढ्व में ही किया है और वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उभरती हुई मल्टीनेशनल कंपनी Cognizant में कार्यरत है।




नवभारत

आवश्यकता है

पद की योग्यता

देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के **ग्वालियर** संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।

**रिपोर्टर**
( 2 वर्ष का अनुभव एवं स्नातक)

**डीटीपी ऑपरेटर**
(5 वर्ष का अनुभव एवं कोरल ड्रा अनिवार्य)

**सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव**
(2 वर्ष का अनुभव एवं बीए/बी.कॉम)

नोट- स्वयं का वाहन और कम्प्यूटर में दक्षता अनिवार्य।

संपर्क करें

कार्यालय - नवभारत प्रेस, एस.पी ऑफिस के सामने, सिटी सेंटर, ग्वालियर
( सुबह 11 से शाम 6 बजे तक)

9479319990
navabharatgwalior@gmail.com